पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016
+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 03 नवंबर 2024

शोक सन्देश

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ बिबेक देबरॉय के निधन पर अभाविप का शोक संदेश।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), देश के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ बिबेक देबरॉय के निधन पर गहन शोक व्यक्त करती है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष के रूप में देश के आर्थिक विषयों के संदर्भ में उनका योगदान महत्वपूर्ण तथा उल्लेखनीय है।

डॉ बिबेक देबरॉय का अर्थशास्त्र, नीति विषयों, संस्कृति, इतिहास, राजनीति आदि क्षेत्रों के संदर्भ में चिंतन महत्वपूर्ण है। दैनिक समाचारपत्रों, पत्रिकाओं तथा पुस्तकों इत्यादि माध्यमों से निरंतर अभिव्यक्त उनके विचारों ने देश-विदेश के प्रबुद्ध समाज में एक सकारात्मक विमर्श का विस्तार किया। उनकी विद्वता तथा समझ से निश्चित ही भारतीय युवाओं की समझ में नए संदर्भ जुड़े हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान तथा राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद में विशेष आमंत्रित सदस्य श्री मिलिंद मराठे ने विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं की शोक संवेदना को व्यक्त करते हुए डॉ बिबेक देबरॉय की आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना की है।

(यह शोक सन्देश केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी किया गया है।)